**भारत सरकार**

**विद्‌युत मंत्रालय**

**....**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या-363**

**जिसका उत्तर 08 दिसंबर, 2022 को दिया जाना है ।**

**स्थायी विद्‌युत कनेक्शन**

**363. सुश्री एस. जोतिमणि:**

क्या **विद्‌युत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले तीन वर्षों और वर्तमान वर्ष के दौरान प्रधानमंत्री सहज बिजली हर घर योजना - सौभाग्य के तहत वर्ष-वार कितने परिवारों को स्थायी बिजली कनेक्शन प्रदान किए गए हैं;

(ख) उक्त योजना के कार्यान्वयन के लिए तमिलनाडु राज्य को कितनी निधि आवंटित और जारी की गई है; और

(ग) सरकार द्‌वारा पहाड़ी क्षेत्रों या घने जंगलों के पास के गांवों में स्थायी बिजली कनेक्शन प्रदान करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं/उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**

**विद्‌युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री**
**(श्री आर.के. सिंह)**

**(क) और (ख) :** भारत सरकार ने देश के ग्रामीण क्षेत्रों में सभी गैर-विद्‌युतीकृत घरों और शहरी क्षेत्रों के सभी गरीब घरों को विद्‌युत कनेक्शन प्रदान करके, सार्वभौमिक घरेलू विद्‌युतीकरण प्राप्त करने के उद्‌देश्य से अक्तूबर, 2017 में प्रधान मंत्री सहज बिजली हर घर योजना - सौभाग्य की शुरुआत की। सौभाग्य के तत्वावधान में, दिनांक 31.03.2019 तक की स्थिति के अनुसार, छत्तीसगढ़ के वामपंथी उग्रवाद (एलडब्ल्यूई) प्रभावित क्षेत्रों में 18,734 घरों को छोड़कर, राज्यों द्‌वारा सभी इच्छुक घरों में विद्‌युतीकरण की सूचना दी गई थी। इसके बाद, सात राज्यों नामतः असम, छत्तीसगढ़, झारखंड, कर्नाटक, मणिपुर, राजस्थान और उत्तर प्रदेश ने सूचित किया था कि दिनांक 31.03.2019 से पहले अभिचिन्हित, लगभग 19.09 लाख गैर-विद्‌युतीकृत घर हैं, जो पहले अनिच्छुक थे लेकिन बाद में उन्होंने विद्‌युत कनेक्शन प्राप्त करने की इच्छा व्यक्त की थी। इसकी भी संस्वीकृति दी गई थी। इन सभी सात राज्यों ने दिनांक 31.03.2021 तक की स्थिति के अनुसार 100% घरों के विद्‌युतीकरण की सूचना दी थी। सौभाग्य के शुभारंभ के बाद से, दिनांक 31.03.2021 तक, कुल 2.817 करोड़ घरों का विद्‌युतीकरण किया गया है।

इसके बाद, कुछ राज्यों ने यह सूचित किया कि 11.84 लाख घरों का विद्‌युतीकरण किया जाना शेष है, जिसके निमित्त, राज्यों ने 4.43 लाख घरों के विद्‌युतीकरण की सूचना दी। तदनुसार, कुल 2.86 करोड़ घरों का विद्‌युतीकरण किया जा चुका है। राज्य-वार ब्यौरे **अनुबंध** में दिए गए हैं। तमिलनाडु राज्य ने सूचित किया कि सौभाग्य स्कीम के शुभारंभ से पूर्व ही अधिकांश घर विद्‌युतीकृत कर दिए गए थे। अतः, तमिलनाडु ने सौभाग्य में भागीदारी नहीं की थी।

**(ग) :** दूरस्थ एवं दुर्गम गांवों/वासस्थलों, जहां न तो ग्रिड विस्तार व्यवहार्य था और न ही लागत प्रभावी था, में गैर-विद्‌युतीकत घरों को विद्‌युत प्रदान करने के लिए, सौर आधारित प्रणालियां संस्थापित की गई थीं।

*************

**<u>अनुबंध</u>**

**लोक सभा में दिनांक 08.12.2022 को उत्तरार्थ अतारांकित प्रश्न संख्या 363 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध।**

*************

**डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत अतिरिक्त घरों की उपलब्धि सहित सौभाग्य स्कीम की शुरूआत से घरों का राज्य-वार विद्युतीकरण**

| सौभाग्य के अंतर्गत मूल संस्वीकृति | | | | सौभाग्य के अंतर्गत अतिरिक्त संस्वीकृति | | डीडीयूजीजेवाई के अंतर्गत अतिरिक्त संस्वीकृत | | कुल जोड़ |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| क्र.सं. | राज्य का नाम | पोर्टल के अनुसार दिनांक 11.10.2017 से 31.03.2019 तक विद्युतीकृत घरों की संख्या | परिपूर्णता प्रमाणपत्र तिथि | दिनांक 01.04.2019 से 31.03.2021 तक विद्युतीकृत किए गए घरों की संख्या | दिनांक 31.03.2021 तक की स्थिति के अनुसार विद्युतीकृत कुल घर | वर्ष 2021-22 के दौरान संस्वीकृत घर | दिनांक 31.03.2022 की स्थिति के अनुसार विद्युतीकृत घर | |
| 1. | आंध्र प्रदेश* | 1,81,930 | | 0 | 1,81,930 | | | 1,81,930 |
| 2. | अरुणाचल प्रदेश | 47,089 | 12-मार्च-19 | 0 | 47,089 | 7859 | 0 | 47,089 |
| 3. | असम | 17,45,149 | 24-जनवरी-19 | 2,00,000 | 19,45,149 | 480249 | 381507 | 23,26,656 |
| 4. | बिहार | 32,59,041 | 25-अक्तूबर-18 | 0 | 32,59,041 | | | 32,59,041 |
| 5. | छत्तीसगढ | 7,49,397 | 17-अगस्त-21 | 40,394 | 7,89,791 | 21981 | 2577 | 7,92,368 |
| 6. | गुजरात* | 41,317 | | 0 | 41,317 | | | 41,317 |
| 7. | हरियाणा | 54,681 | 07-दिसंबर-18 | 0 | 54,681 | | | 54,681 |
| 8. | हिमाचल प्रदेश | 12,891 | 30-नवंबर-18 | 0 | 12,891 | | | 12,891 |
| 9. | जम्मू और कश्मीर | 3,77,045 | 27-अक्तूबर-18 | 0 | 3,77,045 | | | 3,77,045 |
| 10. | झारखंड | 15,30,708 | 26-दिसंबर-18 | 2,00,000 | 17,30,708 | | | 17,30,708 |
| 11. | कर्नाटक | 3,56,974 | 31-जनवरी-19 | 26,824 | 3,83,798 | | | 3,83,798 |
| 12. | लद्दाख | 10,456 | 27-अक्टूबर-18 | 0 | 10,456 | | | 10,456 |
| 13. | मध्य प्रदेश | 19,84,264 | 22-अक्तूबर-18 | 0 | 19,84,264 | 99722 | 0 | 19,84,264 |
| 14. | महाराष्ट्र | 15,17,922 | 27-दिसंबर-18 | 0 | 15,17,922 | | | 1,51,922 |
| 15. | मणिपुर | 1,02,748 | 20-दिसंबर-18 | 5,367 | 1,08,115 | 21135 | 0 | 1,08,115 |
| 16. | मेघालय | 1,99,839 | 24-जनवरी-19 | 0 | 1,99,839 | 420 | 401 | 2,00,240 |
| 17. | मिजोरम | 27,970 | 24-नवंबर-18 | 0 | 27,970 | | | 27,970 |
| 18. | नगालैंड | 1,32,507 | 18-दिसंबर-18 | 0 | 1,32,507 | 7009 | 7009 | 1,39,516 |
| 19. | उड़ीसा | 24,52,444 | 31-दिसंबर-18 | 0 | 24,52,444 | | | 24,52,444 |
| 20. | पुडुचेरी* | 912 | | 0 | 912 | | | 912 |
| 21. | पंजाब | 3,477 | 13-दिसंबर-18 | 0 | 3,477 | | | 3,477 |
| 22. | राजस्थान (जयपुर) | 18,62,736 | 16-अक्तूबर-18 | 2,12,786 | 20,75,522 | 210843 | 52206 | 21,27,728 |
| 23. | सिक्किम | 14,900 | 26-नवंबर-18 | 0 | 14,900 | | | 14,900 |
| 24. | तमिलनाडु* | 2,170 | | 0 | 2,170 | | | 2,170 |
| 25. | तेलंगाना | 5,15,084 | 14-नवंबर-18 | 0 | 5,15,084 | | | 5,15,084 |
| 26. | त्रिपुरा | 1,39,090 | 27-नवंबर-18 | 0 | 1,39,090 | | | 1,39,090 |
| 27. | उत्तर प्रदेश | 79,80,568 | 31-दिसंबर-18 | 12,00,003 | 91,80,571 | 334652 | 0 | 91,80,571 |
| 28. | उत्तराखंड | 2,48,751 | 30-नवंबर-18 | 0 | 2,48,751 | | | 2,48,751 |
| 29. | पश्चिम बंगाल | 7,32,290 | 26-नवंबर-18 | 0 | 7,32,290 | | | 7,32,290 |
| **कुल** | | **2,62,84,350** | | **18,85,374** | **2,81,69,724** | **11,83,870** | **4,43,700** | **2,86,13,424** |

*सौभाग्य से पहले विद्युतीकृत तथा जो सौभाग्य के अंतर्गत वित्तपोषित नहीं हैं।

*************